Newspaper : Denik Jagran
Edition: Dehradun| Date: 7th February, 2019 | Pg. : 03

प्रदेश स्तर पर हर माह चार शिक्षक होंगे सम्मानित

सरकारी शिक्षकों को मिलेगा 'टीचर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड

जागरण संवाददाता, देहरादून: प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजकीय शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत किया जाएगा। राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा अभियान ज्योति यादव ने बताया कि समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्रत्येक माह प्रदेश में चयनित चार शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान दिया जाएगा।

इस योजना के तहत चयनित शिक्षक के विद्यालय को एक लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। इस धनराशि में चयनित अध्यापक को 15 हजार रुपये की नगद धनराशि या स्मार्ट फोन, टैबलेट अथवा ई-बुक उनकी इच्छानुसार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार के लिए शासन ने मानक निर्धारित किए हैं। इसके तहत राजकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों में प्रत्येक माह चार श्रेणियों प्राथमिक स्तर- कक्षा एक से पांच, उच्च प्राथमिक स्तर-कक्षा छह से आठ, माध्यमिक स्तर-कक्षा नौ से दस व उच्च माध्यमिक स्तर-कक्षा 11 से 12 में पढ़ाने वाले एक-एक शिक्षक का चयन किया जाएगा। उत्कृष्ट शिक्षक चयन के लिए बीते दो माह की मासिक परीक्षा में छात्र सम्प्राप्ति स्तर 75 प्रतिशत से अधिक, प्रतिभा दिवस के क्रियान्वयन में सहभागिता, नवाचारी क्रियाकलाप व विद्यालय में संसाधन विकास आदि कार्यों में प्रदर्शन प्रमुख है।

ऐसे होगा चयन

निर्धारित मानकों में जनपद स्तर पर कुल 50 अंकों में 30 अंक मासिक परीक्षा में छात्रों की सम्प्राप्ति स्तर व 20 अंक कार्यानुभव, अध्यापक डायरी, प्रतिभा दिवस, नवाचारी कार्य आदि के आधार पर दिए जाएंगे। जबकि मंडल स्तर पर मंडलीय अपर निदेशक की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा जनपद स्तर से भेजे गए प्रस्तावों पर पांच अंक प्रदान किए जाएंगे। इस प्रकार गढ़वाल व कुमाऊं मंडल से प्रत्येक स्तर पर एक-एक उत्कृष्ट शिक्षक का चयन कर निदेशक अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर समिति को भेजेंगे। यह समिति अतिरिक्त पांच अंक देते हुए कुल 60 अंकों के आधार पर चार उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन करेगी। राज्य परियोजना निदेशक ने बताया कि उत्कृष्ट शिक्षक चयन के मानकों में यह संशोधन किया गया है। ताकि मंडल व राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले योग्य शिक्षकों का चयन किया जा सके ।